रेलवे में सुरक्षा से जुड़ी सवा लाख नौकरियां खाली

रेलवे में सुरक्षा से संबंधित लगभग सवा लाख पद रिक्त हैं। रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि एक अप्रैल 2016 की स्थिति के अनुसार रेलवे के विभिन्न जोन में सुरक्षा से संबंधित 'ग' और तत्कालीन 'डी' समूह के 1 लाख 22 हजार 763 पद रिक्त हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे अधिक 14 हजार 442 पद उत्तर क्षेत्र में रिक्त हैं। पूर्व मध्य क्षेत्र में 10 हजार 34 और मध्य क्षेत्र में 9910 पद खाली हैं। पश्चिम क्षेत्र में 8437 पद रिक्त हैं। सिन्हा ने कहा कि रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत रिक्तियों को अधिसूचित करना, परीक्षा आयोजित करना, चुने हुए पैनल को अंतिम रूप देना और नियुक्ति पत्र जारी करना शामिल है। लिहाजा इस प्रक्रिया में कुछ समय लगता है।

देश में अब भी 9340 मानवरहित रेलवे फाटक
सिन्हा ने कहा कि देश में अब भी 9340 बिना चौकीदार वाली रेलवे क्रासिंग हैं। इनमें से सबसे अधिक 1985 मानवरहित रेलवे फाटक गुजरात में हैं। सिन्हा ने बताया कि यूपी में 1357, राजस्थान में 940, बिहार में 898, तमिलनाडु में 611 और बंगाल में 582 बिना चौकीदार वाली रेलवे क्रासिंग हैं। सिन्हा ने बताया दो साल में 890 रेलवे क्रासिंगों पर चौकीदार तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-19 में बिना चौकीदार वाले रेलवे क्रॉसिंग में चौकीदारों को तैनात करना धन राशि की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

344 रेलवे स्टेशन सीसीटीवी कैमरे से लैस
सरकार ने कहा कि देश के 344 रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। जबकि एक हजार स्टेशनों पर वीडियो निगरानी प्रणाली की व्यवस्था करने की योजना है। रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने राज्यसभा में बताया कि रेलवे ने निर्भया निधि के तहत 1000 स्टेशनों पर वीडियो निगरानी प्रणाली की व्यवस्था करने की योजना बनाई है। इसमें 500 करोड़ रूपये का खर्च आने का अनुमान है। सिन्हा ने बताया कि 202 अन्य स्टेशनों में सीसीटीवी लगाने पर 252ृ76 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। यह सुविधा जिन 1000 स्टेशनों पर मुहैया कराई जाएगी उनमें सी श्रेणी के उपनगरीय स्टेशन भी शामिल हैं।

देश के 32 रेलवे स्टेशनों पर वाई फाई सुविधा
सिन्हा ने कहा कि नई दिल्ली समेत देश के 32 रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा है और अगले दो वर्षों में 300 और स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध होगी। रेलवे ने वर्ष 2016-17 में 100 और 2017-18 में 200 और स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बनाई है।

अभी जिन स्टेशनों पर वाई फाई सुविधा उपलब्ध है, उनमें नई दिल्ली, चेन्नई सेंट्रल, मुंबई सेन्ट्रल, अहमदाबाद, आगरा कैंट, सिकंदराबाद, वाराणसी, हावड़ा, इलाहाबाद, लखनऊ जंक्शन, गोरखपुर, सियालदाह शामिल हैं। हावड़ा-नई दिल्ली- हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी में भी यह सुविधा है।